हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह 24 को संभावित

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा प्रथत दीक्षांत समारोह का आयोजन 24 अप्रैल को बीआईटी के ऑडिटोरियम में किया जाना प्रस्तावित है। 24 अप्रैल को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस है तथा इस दिन विश्वविद्यालय की स्थापना का 8 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रथम दीक्षांत समारोह के आयोजन संबंधी बैठक विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा ने लेकर समस्त अधिकारियों को विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी।

कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप 'के अनुसार इस प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल होने हेतु छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री तथा दुर्ग संभाग से जुड़े गृहमंत्री,. कृषिमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री, सांसदगण विधायकगण, तथा महापौर आदि जनपतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा हैं। डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रथम दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 12 पीएचडी डिग्री प्रदान की जाएगी। इसके अलावा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न दानदाताओं द्वारा प्रदान किए गए स्वर्णपदकों से नवाजा जाएगा।

अकादमिक विभाग के प्रभारी डॉ. सुमीत अग्रवाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीक्षांत समारोह में तीन वर्षों के मेरिट स्कॉलर्स को स्वर्णपदक एवं प्राविण्यता प्रमाण पंत्र प्रदान किए जाएंगे। इनमें 2020, 2021, तथा 2022 परीक्षा के सभी मेरिट स्कॉलर्स शामिल है। कुल मिलाकर इस दीक्षांत समारोह में 120 से अधिक स्वर्णपदक प्रदान किए जाएंगे। इनके अलावा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की विभिन्न कक्षाओं की डिग्री प्रदान करने हेतु राज्यपाल से अनुमति भी ली जाएगी। इस दीक्षांत समारोह में निकलने वाली शोभायात्रा में विश्वविद्यालय की कुलपति, गणमान्य अतिथि, कुलसचिव, कार्यपरिषद एवं विद्यापरिषद के सभी सदस्य, विभिन्न संकायों के डीन, आदि शामिल होंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति सभी उपाधि एवं गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाएंगी।